संख्या-2 /1312/26-3-2013-4(215)/90-टी0सी0-1

प्रेषक,

सुनील कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उ0प्र0, लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 02 सितम्बर, 2013

विषय :- वित्तीय वर्ष 2013-14 में पूर्वदशम कक्षाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र/छात्राओं की छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समय-सीमा निर्धारित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-2131/स0क0/शिक्षा-अ/पू0दश0छा0/2013-14, दिनांक 29 अगस्त, 2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-1720/26-3-2012, दिनांक 12-07-2012 द्वारा उत्तर प्रदेश के पूर्वदशम कक्षाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/सामान्य वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति वितरण के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। वित्तीय वर्ष 2013-14 में पूर्वदशम कक्षाओं में अध्ययनरत उक्त वर्गों के छात्र/छात्राओं की छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत विभिन्न प्रक्रियात्मक कार्यवाहियों को सम्पादित करने हेतु सम्यक विचारोपरान्त निम्नानुसार समय-सारणी/कट-आफ-डेट निर्धारित की जाती है :-

क्र0सं0	प्रक्रियात्मक कार्यवाही	अन्तिम तिथि
1	पूर्व प्रवेशित छात्र/छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाना	15-09-2013
2	नवीन प्रवेशित छात्र/छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाना	15-10-2013
3	शिक्षण संस्था द्वारा अपनी संस्तुति सहित छात्रवृत्ति धनराशि मांग पत्र शिक्षा विभाग को हार्ड एवं साफ्ट कापी में भेजना तथा संबंधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन एवं परीक्षणोपरान्त मांगपत्र हार्ड एवं साफ्ट कापी	31-10-2013

http://shasanadesh.up.nic.in

	में जिला समाज कल्याण अधिकारी को उपलब्ध कराया जाना	
4	जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा परीक्षणोपरान्त छात्रवृत्ति का डाटा एन0आई0सी0 को उपलब्ध कराना	15-11-2013
5	पूर्वदशम छात्रवृत्ति का डाटा अपलोड कराना एवं वेबसाइट लॉक करना	15-12-2013
6	छात्रों को छात्रवृत्ति वितरण करने की अन्तिम तिथि	15-01-2014

2- उपर्युक्त समय-सारणी के अनुसार वर्तमान शैक्षिक सत्र में पूर्व की भांति ही छात्रवृत्ति की धनराशि का वितरण सुनिश्चित किया जाय।

कृपया तदनुसार उक्त वर्गों के छात्रों की छात्रवृत्ति वितरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुनील कुमार)
प्रमुख सचिव

संख्या- 1312(1)/26-3-2013 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रमुख सचिव/सचिव, बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त/समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक, समाज कल्याण/जिला समाज कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
4. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक, उ0प्र0।
5. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ।
6. सलाहकार, समाज कल्याण, उ0प्र0 शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(बी0 बी0 सिंह)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in